प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

VICE PRESIDENT OF INDIA WILL INAUGURATE PRERNA STHAL IN PARLIAMENT HOUSE COMPLEX/संसद भवन परिसर में प्रेरणा स्थल का लोकार्पण करेंगे

...

LOK SABHA SPEAKER; DEPUTY CHAIRMAN, RAJYA SABHA AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS WILL GRACE THE FUNCTION/लोक सभा अध्यक्ष ; उपसभापति, राज्य सभा एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

...

MEMBERS OF RAJYA SABHA AND LOK SABHA HAVE ALSO BEEN INVITED TO THE PROGRAMME/कार्यक्रम में राज्य सभा एवं लोक सभा के सभी माननीय सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है।

New Delhi, 15 June 2024: Hon'ble Vice President of India and Chairman of Rajya Sabha will inaugurate the newly constructed Prerna Sthal in the presence of Hon'ble Speaker of Lok Sabha, Hon'ble Deputy Chairman of Rajya Sabha and Hon'ble Minister of Parliamentary Affairs opposite Building Gate 7 of Samvidhan Sadan on 16.06.2024 at 1830 hrs.

All Hon'ble Members of Rajya Sabha and Lok Sabha have also been invited to the programme.

The statues of great leaders and freedom fighters are installed inside the Parliament House Complex. These great Indians played significant contributions in the history of our country, in our cultural renaissance and our freedom struggle. These Statues were located at different places in the Complex which made it difficult for visitors to properly see them.

Therefore, with the aim of installing these Statues at one place inside the Parliament House Complex, the Prerna Sthal' has been constructed so that the dignitaries and other visitors coming to the Parliament House Complex could conveniently see and pay tributes at these Statues at one place i.e. Prerna Sthal'. An action plan has been made to make the life stories and messages of these great Indians available to the visitors through new technology so that they could get inspiration from them.

It may be recalled that even before this, during the construction work of the new Parliament Building, the statues of Mahatma Gandhi, Motilal Nehru and Chaudhary Devi Lal were shifted to other places in the Complex.

Lawns and gardens have been laid around the Statues at 'Prerna Sthal'. Here, dignitaries and visitors will be able to easily pay their tributes to them and also take inspiration from their lives through QR code.

After the unveiling of the Shilapatt during the inauguration programme, dignitaries will offer floral tributes to the Statues.

नई दिल्ली, 15 जून 2024: भारत के माननीय उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति दिनांक 16.06.2024 को 1830 बजे माननीय लोक सभा अध्यक्ष, माननीय उपसभापति, राज्य सभा एवं माननीय संसदीय कार्य मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में नवनिर्मित प्रेरणा स्थल (बीजी–7, संविधान सदन के सामने) का लोकार्पण करेंगे।

कार्यक्रम में राज्य सभा एवं लोक सभा के सभी माननीय सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है।

संसद भवन परिसर के अंदर हमारे देश के महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। उनका हमारे देश के इतिहास में, हमारी संस्कृति में, हमारे स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ये प्रतिमाएं परिसर में अलग अलग स्थानों पर स्थित थीं जिससे आगंतुकों को इनके दर्शन करने में कठिनाई होती थी।

अतः संसद भवन परिसर के अंदर इन प्रतिमाओं को एक ही स्थान पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है ताकि संसद भवन परिसर में आने वाले

विशिष्ट व्यक्ति एवं अन्य आगंतुक इन प्रतिमाओं का एक निश्चित स्थान अर्थात प्रेरणा स्थल पर सुविधाजनक रूप से दर्शन कर सकें, उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दे सकें। उन प्रतिमाओं के समीप नयी टेक्नोलॉजी के माध्यम से उन महापुरुषों की जीवनगाथा, उनके सन्देश को भी आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराने की कार्य योजना बनायी गयी है ताकि सभी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिले।

इसके पहले भी संसद के नए भवन के निर्माण कार्य के दौरान महात्मा गाँधी, मोतीलाल नेहरू एवं चौधरी देवी लाल जी की प्रतिमाओं को परिसर में ही अन्य स्थान पर स्थानांतरित किये गए हैं।

‘प्रेरणा स्थल’ पर प्रतिमाओं के आसपास 'लॉन' एवं पुष्प वाटिकाओं का निर्माण किया गया है। यहां गणमान्य व्यक्ति एवं आगंतुक उन्हें सुगमतापूर्वक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे और QR कोड के माध्यम से उपलब्ध उनकी जीवनगाथा से प्रेरणा भी ले सकेंगे।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान शिलापट्ट के अनावरण के पश्चात गणमान्यजन प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।